# जबसे देखी ये प्यारी सी मूरत जैन भजन लिरिक्स

जबसे देखी,
ये प्यारी सी मूरत,
है बड़ी खूबसूरत,
माँ मरूदेवा के लाल की,
मेरे ऋषभ जिणन्द दयाल की,
हो मनोहारी,
ये लागे बड़ी प्यारी,
मैं जाँऊ बलिहारी,
ये मूरत है कमाल की,
मेरे ऋषभ जिणन्द दयाल की।bd।

तर्ज – ओ फिरकी वाली।

---

सूरज की किरणें आकर के जिनके,
मुख पे करती उजियारा,
चमक रहा दिव्य तेज ललाट पे,
नैनो से बहे अमिरस धारा,
शीश मुकुट है,
कानो में कुंडल,
गल मोतियन की माला,
डायमंड वाली,
ये अंगिया निराली,
नजर जिसने डाली,
वो हो गया निहाल जी,
मेरे ऋषभ जिणन्द दयाल की।bd।

---

देख तुम्हारा श्रंगार हो दादा,
भक्तो का मन हर्षाये,
जी करता है दर्शन करके,
हम तुझमे ही खो जाये,
दर पे तुम्हारे,
आकर दादा,
फिर वापस न जाये,
‘दिलबर’ ‘दिनेश’,
की यही है तमन्ना,
तेरे चरणों में रहना,
ये अर्जी है तेरे लाल की,
दादा रखना मेरा भी ख्याल जी।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जबसे देखी,
ये प्यारी सी मूरत,
है बड़ी खूबसूरत,
माँ मरूदेवा के लाल की,
मेरे ऋषभ जिणन्द दयाल की,
हो मनोहारी,
ये लागे बड़ी प्यारी,
मैं जाँऊ बलिहारी,
ये मूरत है कमाल की,
मेरे ऋषभ जिणन्द दयाल की।bd।

गायक – दिनेश जैन।
रचनाकार – दिलीप सिंह सिसोदिया 'दिलबर'।
नागदा जक्शन म.प्र. 9907023365

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com